माननीय श्रम मंत्री जी मध्य प्रदेश के निवासी है और मैं मध्य प्रदेश का ही एक छोटा सा उदाहरण देना चाहता हूं । एक सरस्वती शिशु मन्दिर है विदिशा में और किसी तकनीकी कारण से एक छोटे से प्रावधान में कमी रह गई होगी और मामूली सा भुगतान था । उसकी स्थिति यह हो गई कि वहाम के जो संबंधित अधिकारी थे, पांच-सात हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे जिसको देने की स्थिति में वह संस्था नहीं थी । अब इस कारण से उनके ऊपर लाख-डेढ़ लाख रुपए के ड्यूज आ गए है और इस ढंग से उनको परेशान किया जा रहा है । अगर पैसा दे दिया जाता तो शायद वह मामला निपट जाता । तो इस प्रकार से ऐसी व्यवस्था बन जाती है कि अगर पैसा दे देंगे तो मामाला ठीक हो जाएगा वरना सारे के सारे जुर्माने और सारी की सारी राशि उनको देनी पड़ेगी । मैं माननीय श्रम मंत्री जी से अनुरोध करुंगा, जो कि श्रमिक क्षेत्र में बहुत ही रुचि से कार्य करते है और बहुत संवेदनशील हैं, कि इस प्रकरण की अवश्य जांच कराएं । इन बातों को कहते हुए जो प्रस्तुत संशोधन विधेयक है, मैं इसका समर्थन करता हूं ।

SHRI SANATAN BISI (Orissa): Sir, I want to know from the Minister only one thing. How many employers who took employees' share of contribution but did not remit the same to the Fund have been convicted under section 406 and section 407 of the IPC?

Thank you.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Sir, I would make only three brief suggestions.

Through my first point I would like to draw the attention of the hon. Minister to the fact that the coverage of the Provident Fund is declining at an alarming rate. The Department gives confusing figures. I inform you that they add up the number, but do not delete those who are going out of the coverage. This practice is very much alarming. I would suggest that you call a tripartite meeting, especially for this, and see that the coverage is increased.

My second point is this. My colleague has said: Please do not bring the aspect of sickness on the matter of social security. Yours is a new Government. Do something basic and rational. Have some departure from the earlier rule. We discussed about this fact earlier in the morning. A company which is profitable this year, may go sick next year. How would you demarcate on the question of payment of Provident Fund whether it is 8 per cent, 10 per cent or 12 per cent. Therefore, I suggest that you accept the suggestion of the Standing Committee on this point.

My third point is for your consideration. I leave it to you. The last amendment that was made in this House, has not been accepted by the workers, especially the workers of the large

industries. You are a trade union leader. You know a number of cases are pending in several High Courts. The Supreme Court has given an interim injunction on the operation of the last amendment. I understand that the figures circulated by the Provident Fund Department shows that they could not identify even 60 per cent of the probable pensioners. Reply has not come even from 50 per cent of the total workers, to whom the forms were distributed. Therefore, the entire scheme will lead to a deep problem. The Supreme Court is likely to hear the case in a month or two. They have called all the cases of the High Court to the Supreme Court and its judgment may come at any time.

Now, in this amendment you are giving 2 per cent more. Why do you maintain this atmosphere of confrontation? Since you know the problem at the ground level and what problem is developing now and that they have gone to the Supreme Court and because of the interim injunction they are not in a position to operate the scheme. In such a situation, I humbly suggest you not to give your reply to the debate today. You discuss the matter with officials and trade unions. Since you are giving 2 per cent more, as you have mentioned in the Bill, kindly see if you can adjust all together and make out a viable scheme in regard to pension and provident fund. I am saying this particularly because in this Bill you are already giving 2 per cent. Afterwards, if something comes from the Supreme Court, you will be in a very very difficult position. Already in the last interim judgment the Supreme Court has mentioned that there was a case of violation of Constitutional rights in the previous amendment. Therefore, it is for you consideration. Kindly postpone your reply today, discuss it with officials and trade unions and Find a comprehensive solution taking both the schemes together.

श्रीमती कमला सिन्हा (**बिहार**) **:** धन्यवाद महोदय, हमारे सामने इम्पलॉइज प्रॉवीडेंट फ़ंड ऐंड मिसलेनियम प्रोवीज़न (अमैंडमेंट) बिल-1997 लाया गया है । इसके पहले एक ऑडीनेंस इशू हुआ था । पिछले साल इस विधेयक को पारित करने की बात हुई थी । कई कारणों से वह नहीं हो सका । इस विधेयक का मूल उद्देश्य है कि प्रॉवीडेंट फ़ंड की जो रकम है-8.33 प्रतिशत, इसको बढ़ाकर 10 और दस से 12 प्रतिशत कर दिया जाए, मंथली वेज का । और दूसरा है कि एक ट्रिब्यूनल कैसे बहाल किया जाए । उसमें डिस्ट्रिक्ट जज हो या कोर्ट के जज हों और फ़िर प्रेजाइडिंग ऑफ़ीसर की क्या पावर्स होगी आदि-आदि । यह देखने में बहुत साधारण-सा है, बहुत छोटा-सा अमेंडमेंट है और अमेंडमेंट हो भी जाना चाहिए था । मै केवल दो-चार बातें ही कहना चाहूंगी । यह ठीक है कि 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत प्रोविडेंट फ़ण्ड कर दिया जाए क्योंकि एक तरह से श्रमिकों के लिए यह एक प्रधान सुरक्षा की बात होती है । रिटायरमेंट के बाद यह पैसा श्रमिकों को मिलता है और उनके कई काम इससे हो सकते हैं । रिटायरमेंट के पहले भी प्राविडेंट फ़ण्ड में से काफ़ी पैसा कई निजी कामों के लिए उसमें से उधार ले लेना पड़ता है । जैसे कि बताया गया है कि 2.6 लाख एस्टेबिलिशमेंट इनका है, लेकिन हमारे यहां इस देश में इससे बहुत ज्यादा संख्या में एस्टेबिलिश्मेंटस हैं जिसको इसके अन्दर लाना चाहिए था, जो नहीं हुआ । अब नियम तो यह है कि जहां 20 मजदूर काम करेंगे उसी संस्थान को पीएफ़ एक्ट के अन्दर लिया जायेगा, लेकिन यह हो नहीं पाता है क्योंकि कई बार देखा गया है कि जितने लोग काम करते हैं उतने लोगों के लिए रजिस्टर मेनटेन नहीं होता है । एक रजिस्टर एक नम्बर का बनता है और दूसरा रजिस्टर दूसरे नम्बर का बनता है । दो नम्बर के रजिस्टर में ऐसे लोगों का नाम होता है जिनको बहुत ही कम तनख्वाह दी जाती है और यह सब प्रॉविडेंट कमिश्नर की नाक के नीचे होता है, उनके की नाइर्वेस से होता है मुझे ऐसा लगता है । हम लोगों ने बहुत स्कैम्स की बात पीछले दिनों में की । बैंक स्कैम से लेकर उसी तरह के कई स्कैम के बारे में हमने चर्चा की है, लेकिन प्राविडेंट फ़ण्ड के ऑफ़िस के जो स्कैम्स हैं अगर उनकी जांच हो तो मुझे उम्मीद है कि उसमें बहुत बडी बातें निकल जायेंगी । जैसे कहा जाता है कि खोदने लगे चूहा तो निकल जाएगा गुहमन सांप उस तरह की बात हो सकती है । प्राविडेंट फ़ण्ड के दफ़्तर में बाकायदा ऐजिन्सी चलती है, घूस लेने का और काम करने के रेट्स बंधे हुए हैं । साधारण मजदूर जिसको अपने कमाए हुए पैसे का हिसा चाहिए वह दौड़ते-दौड़ते परेशान हो जाता है और समय पर उसको पैसा नहीं मिलता है । किसी को बेटी की शादी करनी है, किसी को बाप का श्राद्ध करना है तो किसी को और कोई काम करना होता है । श्रमिक प्राविडेंट फ़ण्ड से पैसे लेना चाहता है, उसका काम पूरा हो जाएगा लेकिन उसको प्राविडेंट फ़ण्ड से पैसा नहीं मिल पाता है या उसको पैसा बिना घूस के नहीं मिलता है । राघवजी ने एक स्कूल का उदाहरण बताया । अगर उदाहरण

देना शुरू किया जाए तो हर प्रान्त का एक दस्तावेज बन जायेगा । मैं खुद बहुत दस्तावेजों को जानती हूं। कई बार कई तरह से उस पर एक्शन लेने की कोशिश की गई, लेकिन सब ना-काम हो जाता है । आपको बहुत दूर जाने की जरुरत नहीं है । दिल्ली शहर में शाप्स एंड एस्टेबिलसमेंट एक्ट के तहत केवल एक उदाहरण के तौर पर सिनेमा हाल्स की आप ले लें और आप वहां जाकर देख लें कि कैसे रजिस्टर मेनटेन होता है, कितने लोग काम करते हैं ? मंत्री जी आप कृपा करके इस काम को कर लें तो आपको पता चलेगा कि चिराग तले अंधेरा किस तरह का है । एक इंडस्ट्री है, एक्सपोर्ट टर्निंग इंडस्ट्री हमारी गारमेंट्स इंडस्ट्री है । गारमेंट्स इंडस्ट्री और कितनी इंडस्ट्री ऐसी है जो कि शाप्स एंड एस्टेबिलसमेंट एक्ट के तहत आती है । आप किसी भी जगह पर अचानक जाकर निरीक्षण करें तो आप देखेंगें कि 20 से अधिक लोग काम कर रहे हैं, सुबह से शाम तक, रात तक काम कर रहे हैं, अनहाइजनिक कंडीशन में काम कर रहे हैं लेकिन जो उनको मुआवजा मिलना चाहिए, जो पैसे मिलने चाहिए, वह नहीं मिल पाते हैं, उन्हें जो न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए वह भी वह भी नहीं मिलती है । मैं मंत्री जी से यह जानना चाहूंगी कि इस तरह के लोगों के साथ सरकार किस तरह से पेश आयेगी और क्या कार्य करेगी ?

जो नॉन पेइंग इम्पलायर्स हैं और जो बड़े बड़े इम्पलायर्स हैं, जो इनके आंकड़े के तहत आते हैं इनमें बहुतेरे इम्पलायर्स ऐसे हैं जो समय पर अपने प्रोविडेन्ट फंड का शेयर जमा नहीं करते हैं । मजदूर की तनख्वाह में से तो पी.एफ. काट लिया जाता है क्योंकि उनकी तनख्वाह इम्पलायर्स के हाथ में है लेकिन जहां तक इम्पलायर के हिस्से को जमा कराने की बात है तो उसे कौन जमा करायेगा ?

मैंने इसी सदन में लगभग पांच साल पहले एक प्रश्न पूछा था कि लोग मर जाते हैं तो उनके पैसे का क्या होता है ? मुझे जवाब मिला था कि लगभग 2200 करोड़ रुपया अनक्लेम्ड प्रोविडेंट का पैसा पड़ा हुआ है सरकार के पास, और लोग मर गये हैं ।

There is nobody to claim the money.

लोग दौड़ते-दौड़ते मर गए और उनके बच्चों को पता नहीं कि इस पैसे को हम कैसे प्राप्त करें जो सरकार के पास पड़ा है । पिछले दिनों जब वैंकट स्वामी जी श्रम मंत्री थे तो उन्होंने सभी ट्रेड यूनियन्स की एक मीटिंग बुलाई थी जिसमें उन्होंने श्रमिक संगठनों के साथ श्रमिक मामलों में रुचि रखने वाले सांसदों को भी बुलाया था । मैं भी उसमें शामिल थी । उस मीटिंग में यह तय हुआ था कि जो प्रोविडेन्ट फंड की रकम है इसके कवांटम को बढ़ाया जाए यानी इसको 12 प्रतिशत कर दिया जाए एम्पलायर्स और इम्पलाएज दोनों के शेयर को । साथ ही इस कारपस का यूटिलाइजेशन कैसे हो ? गवर्नमेंट इस कारपस का यूटिलाइजेशन अलग-अलग जरिए से करना चाहती थी । हम लोगों ने उस समय भी कहा था कि इसको ओपन मार्किट में इन्वेस्ट मत कीजिए ।

The Government should take the surety of the money.

गवर्नमेंट स्वंय इसको इस्तेमाल करना चाहं तो कर सकती है लेकिन ओपन मार्किट में, इन्डस्ट्रीज में, और दूसरे कमर्शियल वेन्चर में इसका इस्तमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि फिर इसकी गारन्टी नहीं रहती । आज भी वह बात लागू होती है ।

महोदय, मैं केवल एक आध बात कहकर अपनी बात समाप्त करुंगी । एक तो पेमेंट की गारन्टी होनी चाहिए । अभी राघव जी ने सही कहा कि एक प्रान्त में एक प्रोविडेंट फंड का दफ्तर होना चाहिए । जैसे अब लोगों को दौड़-दौड़ कर जाना पड़ता है , यह नहीं होना चाहिए । इसको डी-सैंट्रलाइज कर देना चाहिए, यूनिट वाइज होना चाहिए, जहां कारखाने ज्यादा हैं वहां होना चाहिए या डिस्ट्रिक्ट वाइज होना चाहिए ताकि श्रमिकों को दौड़ना न पड़े और इससे बीच में टाउट का व्यापार भी कम होगा ।

दूसरे यह एन्श्योर करना चाहिए कि श्रमिकों के वेतन से 12 परसेंट तो जमा हो जाएगा लेकिन साइमल टेनियसली इम्पलाइयर का शेयर भी जमा होता है या नहीं इसके ऊपर भी चौकसी रखनी होगी, नहीं तो एक तरफ का पैसा काटा जाए और दूसरी तरफ का पैसा आयेगा ही नहीं ।

That also should be guaranteed.

इसके लिए चाहे ट्राईव्युनल हाई कोर्ट के जज को लगा दें या डिस्ट्रिक्ट जज को लगा दें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है । सवाल है इन्ट्रेस्ट का, इंटीग्रेटी का और कमिटमेंट का जो प्रेजाइडिंग आफिसर बनेंगे उनकी इन्टीग्रीटी क्या होती है, उनका कमिटमेंट क्या होता है,उनका वर्कर्स कम्युनिटी के प्रति क्या कमिटमेंट हैं, उसको देखना होगा और इस तरह के लोगों को रखना चाहिए, नहीं तो फिर कोई फर्क नहीं पड़ता है ।

बाकी बातें जो है उसमें कोई खास बात मुझे नहीं कहनी है । इस कॉसन के साथ में कहना चाहती हूं कि सरकार जो विधेयक लाई है वह देर आयद दुरस्त आयद । इसको पिछले साल पारित होना था । अभी जैसा मैंने कहा कि कई कारणों से यह नहीं हो पाया था । अब इसको पास कर देना चाहिए । लेकिन इसका इम्पलीमेंटेशन लेबर मिनिस्टर को बहुत सख्ती के साथ करना चाहिए । जैसा मैंने कहा "चिराग तले अंधेरा" । उस अंधेरे को भी दूर

करने की कोशिश करनी चाहिए । As it is, the Labour Ministry is one of the most teethless Ministries.

यह मिनिस्ट्री सिर्फ बातें करती है, कुछ कर नहीं सकती । मंत्री जी आप थोडी सी अपनी इच्छा शक्ति को दिखाएं और प्रधान मंत्री जी के पास थोडी दरख्वास्त करें कि इनको थोडी ताकत दे दें तो शायद कुछ बात बने । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : मिनिस्टर साहब खुद ताकतवर हैं, प्रभावी हैं।

Mr. Gurudas Das Gupta, the mover of the Resolution, would you like to make some further comments or have you already done it?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA; Sir, my main point is that the hon. Minister must give assurances to the House on a number of points. This is not a debate where we can differ. The entire House agrees. The point is that successive Governments have failed to tackle this problem of delinquency in the provident fund, and the Governments in India have failed to break the collusion. The Government of India has failed to give any relief or it has been able to give a very little relief to the workers who are the worst victims of the situation. As you know, as the facts have been stated, the total deposits in the unpaid provident fund account is nearly Rs. 3000 crores. It may be a little less or a little more. Can you believe that there is no claimant? It means that the money is not being given to them, and the responsibility lies with the Provident Fund Organisation. Therefore, the main point is the implementation of the law, and the Provident Fund Organisation is not given the teeth to implement the law. The teeth is not given because there is no political will. In the country there is no political will to enforce the law in favour of the people whom we call have-nots'. Sir, on the one hand, there is a little coverage. My hon. friend from the Congress Party has stated that the coverage is very limited and even in those cases where there is a coverage, there is a little implementation. Realisation of the defaulting sum is not being arranged and those who are defaulters in respect of payment are not being taken care of by the country. Hundreds of cases are pending. My hon. friend has said 'sickness'. Why should 'sickness' be considered to be important with regard to the payment of the dues? The money had already been realised from the workers and the money should have been paid by the management from its own fund. Why should the question of repayment be connected with the question of sickness? These are the issues that need to be attended to. 'Need to be attended to' is very important.

Another important point is that the money that is being deposited in the provident fund account runs into thousands of crores. Now the Government is having a shortage of funds with regard to the investment in different sectors, particularly in the infrastructure sector, and we are begging money from outside at a higher rate of interest. Why can't this provident fund money be utilised for the development of infrastructure? And why can't the Government of India allow a higher rate of interest? If that is allowed, there will be a good investment. You will have a larger supply of money on the basis of a little more interest. Therefore, all these points need to be attended to. I wish the hon. Minister responded to them. And he agrees to respond to them. And secondly, levant to know whether he is-ready to have a House Committee on this. On the question of provident fund default, everyone of us had been vocal in the House. Nothing has been done. The jute industry has been found to be delinquent, and my State, West Bengal, is suffering most. Thousands of workers have not been paid their dues, those who are in the public sector undertakings, in the National Textile Corporation, in the engineering industry, owned by the Central Government. Thousands of workers have not been paid their dues even after their retirement. How to bring about a remedy? How to bring about a solution? What can the Government do? You are making a Jaw not to be implemented! It is the Government that makes the law. It is the Parliament that makes the law on the suggestion of the Government. But it is the Government which is violating the law. Sir, it is an unbearable situation. Hon. Chaturvediji, You know very well from your own individual experience what the situation now prevailing in the Provident Fund Organisation is. Therefore, I would like to know specifically from the hon. Minister what he is going to do with regard to the implementation, with regard to the default, with regard to the realisation, with regard to the increased interest rates and with regard to ensuring a much higher and better effective

coverage. What is he going to do? And secondly, is he averse to the proposal of setting up of a House Committee? I know formation of a Committee is not a solution, but the formation of a Committee and the report of the Committee may bring into focus the unattended national problem, involving the people many of whom are living below the poverty-line. It may bring into focus all the problems. If the problems are brought into focus, maybe, the Government will be able or will find it convenient to act on time. This is my suggestion. Let the hon. Minister respond. On that depends whether I am going to withdraw my Resolution.

डा0 सत्य नारायण जटिया : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, निश्चित रुप से इस विषय पर बड़े विस्तार से माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। उनकी चिन्ता भी समझ में आती है क्योंकि इन सारी बातों पर ज़मीन पर काम करने का मुझे तजुर्बा रहा है । यह भी निश्चित बात है कि जो कानून होते हैं, उनको व्यवहार में लाना और उसी रुप में, उसी भावना से पूरा कर पाना एक चुनौती होती है । किन्तु कुछ अच्छी बातें हैं जिनको लागू करने के लिए कानूनी रूप देना ज़रूरी होता है और इसलिए इस बात पर सभी लोगों की सहमति थी कि इस अधिनियम में जो संशोधन हैं, उनको स्विकार कर लिया जाए । जहां तक प्रश्न है इससे काम के कार्यकरण के सुधार करने के बारे में, इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती और जो सदस्यों की चिन्ता है, उससे सहमत होते हुए भी उसको व्यवहारार्थ, प्रेक्टीकली कैसे किया जा सकता है, उसके लिए मैं सहमत हूं । जिस प्रकार से कानून हमारे पास उपलब्ध है, उसी प्रकार से काम करने के लिए हमारी सीमाएं हैं। जो लोग डिफाल्टर हैं, जो प्रबन्धन अपना पैसा जमा नहीं करा पाते, जो नहीं कराते या उसको दुष्प्रयोजन से रोक लेते हैं, निश्चित रूप से यह गंभीर प्रकार का अपराध है। किन्तु उसको ठीक प्रकार का, उसके प्रति उस आफेंस को दिशा देने के लिए कोई न कोई संशोधन या बात करने की जरूरत है। जब तक इस कानून को ठीक रूप नहीं दिया जाता या उसको इस प्रकार के स्वरूप में नहीं लाया जाता है, तब तक सीमा में जा कर के उनको ट्रेप कर पाना, इस बात के लिए विवश कर पाना निश्चित रूप से कठिनाई का कारण है । जहा तक यह प्रश्न है कि बहुत पैसा बाकी है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो सरकारी उद्यम हैं, उपक्रम हैं वहां भी और हो बाकी के निजी क्षेत्र हैं वहां भी लोग पैसा जमा नहीं करा रहे हैं, उनका पैसा बाकी है । आखिर उसके लिए क्या उपाय किया जाए, जो कुछ सीमा नियम की, कानून की है उसी में काम करने की दृष्टि से

इस बारे में सुझाव कर के, कानून में परिवर्तन कर के उसको इस प्रकार से बनाना है कि उसमें कोई भाग न सके तो निश्चित रूप से मैं इसी मत का हूं कि यदि किसी प्रकार की कोई विसंगति दिखाई देती है तो उसको दूर किया जाना चाहिये। जो हमारे पास उपबंध हैं, वह सीमित ही है । जहां तक हमारे भविष्य निधि के कार्यालयों कि कार्यकरण का संबंध है **...(व्यवधान)...** मैं कोशिश कर रहा हूं । इनके बारे में गम्भीर प्रकार की शिकायतों का आना, पैसा समय पर न मिलना, हम सदस्य होने के नाते पत्र लिखते हैं किसी की शादी है, किसी का कुछ है, समय पर भुगतान हो जाना चाहिये, कर्मचारी वर्ग, वर्कमैन परेशान रहता है । यह भुगतान हो जाना चाहिये, इसको प्रोम्प्ट करने की दृष्टि से कुछ करिगर उपाय करने के लिए जो आप सजेस्ट कर रहे हैं, उसके के लिए निश्चित उपाय करने के बारे में हम सजग हैं परन्तु जो कुछ हमारे पास है जैसे कम्प्युटराइज़ेशन का मामला है (**व्यवधान**) मैं जब पूरा बोल लूं तो आप मुझे याद दिला दिजियेगा तो ठीक हो जाएगा । आप सब जानते हैं कि मैं ट्रेड यूनियन में काम करने वाला पुराना हूं पर मन्त्री नया हूं। इतनी कठिनाई तो मेरे साथ रह सकती है। (**व्यवधान**)

श्री जीवन राय : आपके ऊपर हमें भरोसा है। (**व्यवधान**)

डा0 सत्य नारायण जटिया : आपके भरोसे में कोई गफलत नहीं होने दी जाएगी, यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूं। कम्प्युटराइज़ेशन का मामला है । कम्प्युटर के माध्यम से भुगतान महीने भर में कर्मचारी का हो जाए, इस प्रकार के कुछ न कुछ बंधनकारी नियम बनाए गए हैं कि एक महिने से अधिक समय नहीं लगना चाहिए । मेरी तो यह कोशिश होगी कि आगे चल कर के सुधार कर के सभी कर्मचारी या वर्कमैन जो रिटायर हो रहे हैं, उनकी पहले इनफॉरमेशन हो जाए तो उसका रिकार्ड तैयार कर के उसको रिटायरमेंट के दिन ही क्यों न उसको भुगतान कर दिया जाए। लेकिन अभी जो सुविधा हो सकती है उसको महीने भर में भुगतान कर दिया जाए, इस प्रकार की कोशिश जरूर है । शिकायतें, उसमें सुधार , सुझावों पर विचार – इसमें भी इन्कार नहीं करते हैं । उसमें शिकायतें आए तो शिकायतों को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए । इस दृष्टि से इस सारी बात को करने के लिए उपाय जरूर किए जा रहे हैं।

इंटरेस्ट रेट के बारे में जो कहा जा रहा है, अलग से हमारा कोई यह नहीं है। जिस प्रकार का हमने निवेश किया है उसके लिए हमारे पास सब सरकारी संस्थान ही

हैं जिसमें निवेश किया है । केंद्रीय सरकार की प्रतिभूतियों में 25 प्रतिशत हम करते हैं । राज्य सरकार की प्रतिभूतियां तथा सरकारी गारंटीशुदा प्रतिभूतियों में 15 प्रतिशत हम करते हैं । सार्वजनिक वित्तीय संस्थान, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और बैंकों में 40 प्रतिशत है । न्यासी बोर्ड के निर्णय के अनुसार तीन श्रेणियों में से ऊपर की जो तीन श्रेणियां हैं उसमें से और 20 प्रतिशत करने की दृष्टि से प्रावधान है । जो कुछ अभी 1 अप्रैल, 1997 की स्थिति है, उसमें से जो कुछ धनराशि हमारे पास आ गयी है वह धनराशि कुल 54,789.50 करोड़, पैंशन फंड से 17,248.36 करोड़, कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम का पैसा है । 1,943.53 करोड़ और कुल मिलाकर 54,789.39 करोड़ । जो यह इतना पैसा आ गया है इसको हमने जहां-जहां किया है उसमें केंद्रीय सरकार की प्रतिभूतियों में 1,472.15 करोड़, राज्य सरकार, सरकारी गारंटीशुदा प्रतिभूतियों में 2913.04 करोड़, केंद्रीय सरकार की विशेष निक्षेप योजना के तहत 6,153.03 करोड़, सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों में 1,367.56 करोड़, डाकघर मियादी जमा में 0.47 करोड़ और लोक लेखा में 13,381.14 करोड़, इन सब का योग कुल मिला करके 54,789.39 करोड़ का होता है । इसलिए यह पैसा कहीं इधर- उधर या कहीं और नहीं है, यह निश्चित रूप से सरकार के ही उपक्रमों में जाता है । इसकी ब्याज दर जो है उसके बारे में विचार करने की दृष्टि से जो न्यासी मंडल है वह उस पर विचार करता है और इसमें 12 प्रतिशत तक ब्याज देने का जो प्रावधान है वह किया जाता है ।

जो गुरुदास जी का विचार रहा है कि प्रोविडेंड फंड के डिफाल्ट के बारे में विचार करने की दृष्टि से कोई हाऊस कमेटी बननी चाहिए, निश्चित रूप से इस सुझाव से कोई इन्कार नहीं कर सकते हैं । इसमें सुझाव जो आने वाले हैं वे हमारे काम में मदद करने के लिए आने वाले हैं । इसलिए मैं इस सुझाव का स्वागत करता हूं कि इस प्रकार की कमेटी बने और उसमें महत्वपूर्ण जो सुझाव हैं वे आ जाएं । उससे हमारे कार्यक्रम में सुधार करने की दृष्टि से हमें सहायता ही मिलेगी । इसलिए यह सुझाव जो आपने दिया है स्वागत करते हुए इसे स्विकार भी करते हैं ।

रहमान साहब ने बडी बातें की और बड़े तजुर्बे से वे सारा बोल रहे थे । उनका यह था कि तीन वर्ष से कुछ कम हो जाना चाहिए । जैसे कि आप जानते हैं कि मजदूर तो मजदूर है और उसको जब से काम करता है तभी से सुविधाएं मिलनी चाहिए । तीन साल में से यदि कुछ कम कर दिया तो आप जानते हैं कि तीन साल तक क्या कोई कंपनी या कारखाना चलेगा, चलते चलते चतुराई करते हुए इसमें से कोई दूसरा कारखाना तीन साल से पहले ही कुछ बन जाएगा । मजदूरों को तो हर दिन मेहनत करनी है, हर दिन खाना है । मेहनतकश का तो नजरिया उस तरह से राहत का है जो हर दिन हो जाना चाहिए । इसलिए आप सहमत होंगे कि निश्चित रूप से जो मजदूर हैं वे मजबूर न हो पाएं इसलिए वह पहले दिन से लागू हो जाए ।

अब स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के बारे में आप कर रहे हैं । सरकार बहुत सारी रियायतें देती है बिजली की, पानी की, बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर की । आप सब जानते हैं कि पूंजी को तो सुगंध हो जाती है , पर पसीने को गंध हो जाती है । इसलिए पूंजी की सुगंध के साथ-साथ पसीने की भी सुगंध बन जाए इसलिए जरूरी है । कि उस दिन का मुआवजा, मेहनतकश का जो उसका मुआवजा है उसमें किसी और से कोई चालाकी न कर पाए इस दृष्टि से इसी सावधानी को बरतते हुए यह कोशिश कि गयी है और इसलिए आप इससे सहमत होंगे ।

अब यह ठीक है कि आर्गेनाइज्ड सेक्टर में तो बहुत सारी बातें करके मजदूर कर लेते हैं। परंतु अनआर्गेनाइज्ड सेक्टर में तो आज कोई कारखाना है, दो साल बाद रहेगा कि नहीं, उसका ठीकाना नहीं है । इसलिए इस दृष्टि से इस बात को कहा गया है । आप इस बात को निश्चित रूप से तवज्जह देंगे कि मजदूर को उसका हक जरूर मिलना चाहिए । अब करप्शन की बात है तो यह निश्चित रूप से मेरे लिए चिंता की बात है । इन सारी बातों को गंभीरता से सोचना चाहिए और जब मांग करें तब पैसा मिल जाना चाहिए । इसको प्राम्प्ट करने के लिए और भी कुछ सुझाव यदी आप देंगे तो निश्चित रूप से उनका स्वागत होगा- जैसे कि यह कमेटी बनी है । उसका दयरा भी बढ़ा करके और भी सुझाव दे सकते होंगे तो उसमें कोई कठिनाई नहीं है । तो यह करप्शन के बारे में या कुछ शिकायतों के बारे में, सुझाव के बारे में पहली बार में हम यह मान लें कि मामला ठीक नहीं है तो ऐसा भी नहीं है । कहीं – कहीं लोग ठीक काम करते हैं, उसको सराहा नहीं जाता होगा । किंतु ठीक काम करने को कुछ सराहने की आवश्यकता भी नहीं होती । इसलिए यदि उसको न सराहा जाएं किन्तु ठीक काम कर रहे हैं तो उस पर संतोष भी व्यक्त करने से प्रोत्साहन मिलता होगा । जैसा मैंने बताया कि लोक अदालत है, कंप्यूटरीकरण है उसका पब्लिक ग्रिवांसेज मशिनरी को कुछ और करके सुनवाई की दृष्टि से कुछ हो जाए तो ठीक है कुछ माननीय सदस्यों को यदि कोई गंभीर प्रकार की शिकायतें हैं और आप जरूर मेरे पास भेजते होंगे तो

निश्चित रूप से उनका निराकरण करने के लिए मैं अपनी ही मिनिस्ट्री में कुछ इसको विशेष रुप से देखने के लिए उसका उपाय कर सकूंगा । आपके सुझाव उन सारी कठीनाइयों को दूर करने में सहायक सिद्ध हो सकेंगे तो इसकी मुझे बडी प्रसन्नता होगी । इसलिए पब्लिक ग्रिवांसेज के बारे में माननीय सदस्य यदि अपनी शिकायतें और सुझाव देंगे तो उससे मुझे सहायता ही मिलेगी । बहुत से संस्थान इसकी परिधि से बाहर क्यों हैं तो अभी जैसा बताया है और आप जानते हैं कि कुल 177 प्रकार के उद्योगों में से केवल 5 हैं जिनको बाहर के लिए छोड़ करके रखा है और उसमें जिनकी हालत जैसी है वैसी ही है । बल्कि सभी फायदे के तो नहीं हैं । इस प्रकार से जो जूट है, ईंट है, कायर है और बीडी आदि है, तो इनमें, पहले से देनदारियां है । लोग जमा ही नहीं कर रहे हैं । अब यह करेंगे कि इसमें और लगा देते हैं तो वह उस जमा राशि का और अंबार लग जाएगा और इकट्ठा होता चला जाएगा । अब उसकी रेमेडी तो कुछ मिल नहीं पा रही है । जो पहले कुछ दिया जाना चाहिए वह नहीं दिया जा रहा है । यदि इनकी हालत सुधरती है तो अच्छा ही है । फिर कानून का जो प्रावधान है सैक्शन 6 में उसमें से फिर पूरा –पूरा उस सैक्शन को इलिमिनेट भी करना पड़ेगा । इसके लिए कुछ अलग करना पड़ेगा । जैसा कि आप जानते हैं कि यदि हमने समय रहते उस आर्डिनेंस में संशोधन नहीं किया तो ये जो सुविधाएं मिल रही हैं वे भी चली जायेंगी । यानी आर्डिनेंस लाना इसलिए पड़ा था कि हम जो कुछ उनको दे रहे हैं उसको ठीक प्रकार से नियमित कर सकें । इसलिए समय-सीमा के कारण भी जरूरी हो गया था और नई जो बात है इसको जोड़ा जाना चाहिए और वह आगे आने वाले समय में भी हम उसको जोड़ सकते हैं । निश्चित रूप से जो इस बारे में जानकार हैं, जो इसका अनुभव रखते होंगे, डे टू डे जिनका एक्सपीरयेंस होता होगा उसको हम कर सकते हैं । इसलिए केवल 5 हैं, उनको छोड़ करके बाकी 172 उसमें शामिल हैं । इसमें केवल 5 बाहर रह गए हैं फिर यहां कहा है कि 20 व्यक्तियों के स्थान पर किसी संस्थान में जो संख्या है उसके बारे में यह कहा जा रहा है कि इसको बढ़ाया जाए या कुछ किया जाए , अब यह संख्या ही काफी नज़र आ रही है । बिस संख्या में भी जो काम करने वाले लोग रहते होंगे उन काम करने वाले लोगों को 20 बताना और 20 नहीं होना, जैसा कि हमारी बहन ने अभी कहा है कि बहुत सारे उद्योग ऐसे हैं ...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : कमला जी, वह आप ही को मुखातिब कर रहे हैं ।

डा0 सत्यनारायण जटिया : मैं आपसे इसलिए मुखातिब हो रहा हूं कि आपने बताया है कि आपकी चिंता यह है कि जहां काम रहे हैं गारमेंट्स में और बाकी के, उसमें भी उन लोगों की संख्या को गिनने का काम नहीं हो रहा है । निश्चित रूप से गिनने का काम होना चाहिए । अब आप जानते हैं कि सरकारी जो अपने सारे इस काम केलिए एनफोर्स किए जाते हैं उन लोगों की संख्या और उनका काम, उसको देखते हुए जहां कहीं आपको ऐसा लगता होगा कि कुछ लोग छूट रहे हैं तो वर्कमैन और कर्मचारियों के इन्टरेस्ट को सेव करने की दृष्टि से जो भी आपकी बात या सुझाव हो और यदि आप सूचना करेंगे, और आप प्रकट कर सकते हैं, लिख करके दे सकते हैं, मिल करके बात बता सकते हैं, तो उसका सुधार करने में मुझे आनंद ही होगा । इसलिए इस सीमा को 20 से बढ़ाना तो निश्चित रूप से लाभप्रद नहीं होगा । हम तो सोच यह रहे हैं कि आप यदि सहमत हो जाएं तो इसको और कम करके 10 तक कर दें क्योंकि कोई भी उससे वंचित क्यों रहे । आखिर काम करने वाला जो हमारा कर्मकार हैं, जो वर्कमैन हैं, जो मेहनतकश हैं, उसको उस सीमा से क्यों जोड़ा जाए क्योंकि कहीं 20 से ज्यादा कर रहे हैं तो उसी पर लागू होगा और बाकी जहां 20 से कम कर रहे हैं तो उस पर क्यों नहीं लागू होना चाहिए । इस दृष्टि से भी कभी जब अवसर आएगा तब फिर मैं आपके समर्थन की प्रतीक्षा करुंगा ।

रहमान साहब के सुझाव काफी महत्वपूर्ण थे । अब वेद प्रकश जी ने कहा है और समर्थन दिया है तो उसके लिए मैं उनका आभार भी मान रहा हूं और धन्यवाद भी कर रहा हूं और निश्चित रूप से उन्होंने कंप्यूटरीकरण के बारे में कहा है । उन्होंने कहा है कि समय पर निपटान होना चाहिए इसके लिए कंप्यूटरीकरण कर लिया गया है । लोक अदालते हैं । सुझाव में जो बताया है कि पेंशन का कुछ और होना चाहिए तो अलग से उसको चर्चा में सम्मिलित कर सकते हैं इसी प्रकार से अनेक जो उनके सुझाव हैं वह निश्चित रूप से समर्थन में हैं । दीपांकर मुखर्जी ने कहा है कि पब्लिक सैक्टर के यूनिट्स के वर्कर्स को ड्यूज़ नहीं मिल रहा है, इन सारी बातों की उनकी चिंता है । हमने कुछ उसके लिए फंड बनाने की व्यवस्था की हुई है । परन्तु फिर भी उसमें क्या करना चाहिए यह निश्चित रूप से प्रत्यक्ष चर्चा करके यदि आप समझाने की कोशिश करेंगे तो अच्छा रहेगा – पब्लिक सेक्टर में बहुत सारी जगह भुगतान नहीं कर रहे होंगे, वेतन भुगतान भी नहीं कर रहे होंगे परंतु वेतन और उस का भुगतान- ये दोनों बातें जरूरी हैं और पब्लिक सैक्टर यूनिट्स

के बारे में यह एक गंभीर बात है, आप के सुझाव पर ठीक प्रकार से हम विचार करेंगे।

SHRI JIBON ROY: What is the amount of default in provident fund? Is it Rs. 300 crores?

डा0 सत्यनारायण जटिया : मैं समझ रहा हूं। इसे करने के लिए क्या उपाय किया जाए, इस पर जरूर विचार किया जाएगा। उपसभाध्यक्ष जी, फिर 12 परसेंट इंटरेस्ट का मामला आया **...(व्यवधान)...**

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल) **:** इसे टाइम-बाउंड कीजिए।

डा0 सत्यनारायण जटिया : हां, ठीक है। टाइम-बाउंड करने के लिए कुछ बातचित करनी होगी।

श्री दीपांकर मुखर्जी : मैंने एक महीने पहले आप को बताया था कि बजट आ रहा है और आप बजट में पब्लिक सेक्टर के लिए 3 हंड्रेड करोड़ का प्रोवीजन रखिए। मैंने चिट्ठी ही नहीं, रिमाइंडर भी भेजा है। This is not the way .

नहीं तो फिर एक साल हम बैठे रहेंगे। What will happen to the workers ?

बजट में प्रोविजन रहेगा तो आप के लिए भी ठीक रहेगा।

उपसभाध्यक्ष (**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी**) **:** बजट का ही तो आज इंतजार है।

डा0 सत्यनारायण जटिया : उपसभाध्यक्ष जी, बजट भी आ जाएगा और सप्लीमेंटरी बजट भी आता है। आखिर सुझाव एक दिन में खत्म होने वाला नहीं है आप का सुझाव हमारी समझ बढ़ाने के लिए भी जरूरी है।

श्री दीपांकर मुखर्जी : हमें तो एश्योरेंस चाहिए। आप बोल दीजिए कि इस साल के बजट में it will be seen that this gratuity and provident fund will be paid to the workers.

DR. SATYANARAYAN JATIA: How can I say?

श्री दीपांकर मुखर्जी : आप एश्योरेंस दे दीजिए, आप सरकार हैं।

उपसभाध्यक्ष (**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी**) **:** उन्होंने कहा है कि वह अपने मंत्रालय को प्रभावी बनाने के लिए पूरी चेष्टा कर रहे हैं।

श्री दीपांकर मुखर्जी : मंत्रालय नहीं सरकार Government is indivisible.

उपसभाध्यक्ष (**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी**) **:** उन का मंत्रालय काफी प्रभावी है सरकार में।

श्री शिवचरण सिंह (राजस्थान) **:** महोदय, माननीय सदस्य बड़े होशियार हैं, उन्होंने पेमेंट की बात तो कही, लेकिन ? वसूली कैसे करें, यह और बता दें।

डा0 सत्यनारायण जटिया : उपसभाध्यक्ष जी, इसी प्रकार से मार्गबंधु जी से सुझाव मिले हैं। जिवन रॉय जी ने अभी सुझाव दिया कि इन सारी बातों को कैसे करना चाहिए। उपसभाध्यक्ष जी, और भी जो महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं, उन का मैं स्वागत करता हूं और जिस प्रकार की हाऊस कमेटी की बात उन्होंने बतायी है, उस को स्वीकार करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मुझे प्रसन्नता है और इस चर्चा को ठीक प्रकार से चलाने के लिए आप सभी ने जो मदद दी और जो सुझाव दिए हैं, वह मैंने नोट कर लिए हैं। आगे हम उन पर और गंभीरतापूर्वक विस्तृत चर्चा कर सकेंगे, ऐसा मैं मानता हूं। धन्यवाद।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I agree with him but I want an assurance from him. The point is, he is saying *that...(Interruptions)...*

श्री शिवचरण सिंह : जूट मिल और श्रमिक मजदूरों का पी0एफ का बकाया कैसे वसूल होगा,मंत्री जी यह भी एश्योरेंस दें।

SHRI GURUDAS GUPTA: What I am saying is, if everything is left to the House Committee, it is all right. But if everything is not left to the House Committee, if the House Committee is meant only for the realisation of the arears then I seek a concrete assurance from him. Firstly, reduction of the coverage limit. Provident fund law can be implemented if there are 20 employees. Can it be reduced to ten? Secondly, let the Labour Ministry take up with the Ministry of Finance the question that is being raised. There has to be additional fund from the Government to ensure payments. ? इस बारे में मेहरबानी कर के एश्योरेंस दें। इन्होंने हाऊस कमेटी की बात को स्वीकार किया है, उस का हम स्वागत करते हैं।

As a Chairperson, what is the procedure? Let the House resolve to request the hon. Chairperson to set up a Committee as agreed to here in this House now.

उपसभाध्यक्ष (**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी**) **:** मैं समझता हूं कि मंत्री जी ने कहा है कि हाऊस कमेटी तो हाऊस की इच्छा पर है।

प्रो0 विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली) : यह हाउस कमेटी कैसे, लोक सभा की भी तो होगी ?

श्री गुरूदास दास गुप्त : नहीं-नहीं राज्य सभा की ।

प्रो0 विजय कुमार मल्होत्रा : राज्य सभा की अलग से होती है ।

श्री गुरूदास दास गुप्त : हां, होती है ।

प्रो0 विजय कुमार मल्होत्रा : उपसभाध्यक्ष जी, यह प्रॉवीडेंट फंड का प्रश्न हमारे सामने है । अब हमारे यहां फायनेंस की, लेबर की व और भी दोनों हाउस को मिलाकर कई स्टेंडिंग कमेटियां काम कर रही हैं । फिर राज्य सभा की एक हाउस कमेटी प्रॉवीडेंट फंड के लिए अलग से बनायी जये, यह बात मेरी समझ में नहीं आई । ज्वॉइंट कमेटी की बात आती तो मुझे समझ में आती, अगर यही होना शुरू हुआ तो जितने और सब्जैक्ट्स हैं how will this happen ? It does not concern Rajya Sabha only, it concerns Lok Sabha also . मुझे समझ नहीं आता कि राज्य सभा की और कमेटी यहां बनेगी ।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : जो आप ने कहा उस में तथ्य है । मंत्री जी ने यह स्विकार किया है कि इस कानून को अधिक प्रभावि बनाने के लिए और प्रबंधन को अधिक संवेदनशील बनाने के लिए वह हाउस कमेटी को स्वीकार करते हैं ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Well, on the question of wagons, a House Committee was set up. We had a House Committee. If the Minister agrees then

सदन के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : सदर साहब, मैं अर्ज कर लूं । एथिक्स कमेटी बनी हुई है राज्यसभा की, लोकसभा की अभी तक नहीं बनी है, मगर राज्यसभा ने पास किया था तो यह कमेटी बनी और जो मौजूद है । इसी तरह से वक्फ के सिलसिले में एक कमेटी राज्यसभा की ही बनी थी । फिर हमने मूव किया कि राज्यसभा के बजाय ज्वायंट पार्लियामेंटरी कमेटी हो तो ज्यादा अच्छा है और बाद में उसमें लोकसभा वाले भी शामिल हो गए । बन सकती है ,ऐसी कोई दिक्कत नहीं है ।

†**نیتا سدن شری سکندر بخت":** صدر صاحب میں عرض کر لوں۔ "ایتھکس کمیٹی " بنی ہوئی ہے اور راجیہ سبھا کی۔لوک سبھا کی ابھی تک نہیں بنی ہے۔ مگر راجیہ سبھا نے پاس کیا تھا تو کمیٹی بنی اور جو موجود ہے۔ اسطرح سے وقت کے سلسلے میں ایک

کمیٹی راجیہ سبھا کی ہی بنی تھی۔ پھر ہم نے مووکیا کہ راجیہ سبھا کے بجائے جوائنٹ پار لیمینٹری کمیٹی ہوتو زیادہ اچھا ہے اور بعد میں اسمیں لوک سبھا والے بھی شامل ہوگئے۔ بن سکتی ہے ایسی کوئی دقت نہیں ہے۔

SHRI GURUDAS GUPTA: Then, it is done, He has accepted my suggestion.

डा0 सत्यनारायण जटिया : सर, मेरा इस पर निवेदन यह है कि इसका जो प्रारुप हो, इसमें मैंने स्विकार किया है कि इसमें सुधार करने के लिए जो भी उपकरण नियमसंगत हो सकता होगा, उसको स्वीकार करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Mr. Gurudas Das Gupta, are you withdrawing your Resolution now?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Yes, Sir, I am withdrawing. But on the question of reduction of number 20 to 10 ...

THE VICE-CHAIRMAN (SH. TRILOKINATH CHATURVEDI): The Minister has already clarified that there are various stages of reform and improvements can be taken up from time to time.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: And also that there should be a House Committee.

I am withdrawing my Resolution.

The Statutory Resolution was, by leave, withdrawn.

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI TRILOKI NATH CHATURVADI) I shall now put the motion moved by Dr. Satyanarayan Jatiya to vote.

The question is:

"That the Bill further to amend the Employees Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952, be taken into consideration."

The motion was adopted.

†[ ] Tnmslitration in Arabic Script?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): We shall now take up clause-by-clause consideration.

Clause 2—Amendment of Section 6

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): As regards Clause 2 there is notice for an amendment by Shri Dipankar Mukherjee. Do you want to move it?

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, the hon. Minister has already given an assurance about a House Committee. Instead of this eight and on-third per cent, it should be twelve per cent. This should also be considered by the House Committee. On that assuarance, I am not moving it.

SHRI JIBON ROY: The Minister had not replied to this particular aspect.

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): He has said himself that he will discuss with you all the possibilities of further improvements.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Okay, Sir. I am not moving it.

Clause 2 was added to the Bill.

Clauses 3. to 5 were added to the Bill.

New Clause 6—Repeal and Saving

DR. SATYANARAYAN JATIA: Sir, I beg to move:—

That at page 2, *after* clause 5, the following new clause be *added* namely:—

(4) "6.(1) The Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions (Amendment) Ordinance 1998 is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the principal Act as amended by the said Ordinance, shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of the principal Act, as amended by this Act."

The question was put and the motion was adopted.

New Clause 6 was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Now we shall take up Clause 1 for consideration. There are two amendments by the Minister.

Clause 1 - Short Title and Commencement

DR. SATYANARAYAN JATIA: Sir, I beg to move:—

(2) That at page 1, line 4, *for* the figure " 1997", the figure " 1998" be *substituted.*

(3) That at page 1, *for* lines 5-6, the following be *substituted,* namely:—

"(2) It shall be deemed to have come into force on the 22nd day of September, 1997."

The questions were put and the motions were adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Now, we shall take up the Enacting Formula for consideration. There is one amendment by the Minister.

Enacting Formula

DR. SATYANARAYAN JATIA: Sir, I beg to move:—

(l) Thatatpage l.line l.forthe word "forty-eight", the word "forty-ninth" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

DR. SATYANARAYAN JATIA: Sir, I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

The question was put and the motion was dopted.